



# विकास कार्यों का लाभ जेनजी और जेन अल्फा को मिलेगा : शुक्ल

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में पंचकोष समग्र व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला









नवभारत न्यूज

**रीवा 05 सितम्बर. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में पंचकोष समग्र व्यक्तिव विकास की भारतीय दृष्टि विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है।**

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि संस्कारों के बिना सुगंध के फूल जैसी है। शिक्षित होने के साथ.साथ संस्कारवान होना आवश्यक है। आज जो विकास के प्रयास हो रहे हैं उनका पूरा लाभ जेनजी और जेन अल्फा को मिलेगा। भारत को 2047 तक विश्वगुरू और आर्थिक महाशक्ति बनाने का संकल्प देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है। इस संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। युवा शिक्षित होने के साथ.साथ संस्कारवान बने इसके लिए पंचकोष समग्र व्यक्तित्व विकास की भारतीय दृष्टि को अपनाना आवश्यक है। अच्छे संस्कार सांस्कृतिक मूल्य और सकारात्मक दृष्टिकोण युवाओं को सही लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक होगा। कार्यशाला में जो गुरू ज्ञान दिया जा रहा है उसे विद्यार्थी अपने जीवन में उतारे तभी जीवन सफल होगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन के उच्च लक्ष्य तय करने के साथ हमे जो प्राप्त है वहीं पर्याप्त है कि आत्मसंतुष्टि होनी चाहिए। जीवन को सही दिशा न मिलने पर युवा भटकर गलत रास्ते में चल पड़ते हैं। देश तेजी से विकास कर रहा है। देश विरोधीतत्व युवाओं को शाफ्टकॉर्नर बनाकर उनको पथ से विमुख करने का प्रयास कर रहे हैं। युवा इनसे सावधान रहें। देश का युवा सही राह पर चल पड़ा तो दुनिया में राज करने से उसे कोई नहीं रोक सकता है। अच्छे संस्कार और जीवन की सही दिशा ही हमे सफलता देगी। कार्यशाला में सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कहा कि सनातन परंपरा के मूल्य और वैदिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान ने भी प्रमाणित किया है। शरीर और मन को संतुलित रखने पर पूरा जीवन संतुलित हो जाता है। इसके लिए योगए ध्यान और प्राणायाम आवश्यक है। पूरी दुनिया तनाव प्रबंधन के लिए इसका उपयोग कर रही है। युवा पीढ़ी प्राचीन ज्ञान के अच्छे मूल्यों को अपनाये। प्राचीन ग्रांथों में भी भ्रमित करने के लिए भी मिलावट कर दी गई है। सही ज्ञान को अपनाने पर ही आत्मबोध और आत्मचिंतन से आत्मसंतुष्टि होगी।

कार्यशाला में श्री शर्मा ने कहा कि समाज को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा। आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए शिक्षाए संस्कृति का उत्थान आवश्यक है। कार्यशाला में विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर के कुलगुरू डॉण् अजय तिवारी ने कहा कि गुरू ही शिष्य को सही मार्ग दिखलाते हैं। कबीरदास जी ने कहा है कि समुद्र की स्याहीए धरती के सभी पेड़ों की कलम बनाकर धरती को किताब मानकर यदि गुरू का महात्म लिखा जाय वह भी कम होगा। जब शिष्य गुरू से श्रेष्ठ बन जाता है तभी गुरू को सच्चा सुख मिलता है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुल गुरू श्री राजेन्द्र कुड़रिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने यह कार्यशाला विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए नये द्वार खोलेगी। कार्यशाला के सहयोजक श्री रामभूषण मिश्र ने कार्यशाला के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में गणमान्य नागरिकए प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन कुल सचिव नीरजा नामदेव द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ।

## संक्षिप्त

### विधायक सिद्धार्थ तिवारी का निरंतर भ्रमण जारी

**त्योंथर।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों की समस्याओं और आवश्यकताओं का जायजा लेने के लिए विधायक श्री सिद्धार्थ तिवारी का निरंतर क्षेत्र भ्रमण जारी है। इसी क्रम में उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बाढ़ प्रभावित ग्रामों का दौरा किया। विधायक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कलवारी, करहिया, गंगतीरा, बरहट, जमुई, डाढ़ सहित अन्य प्रभावित गांवों में पहुंचकर बाढ़ पीड़ित परिवारों से भेंट की तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद किया। श्री तिवारी ने मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक आवश्यक राहत एवं सहायता समय पर पहुंचाई जाए तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों में पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य किया जाए।

### लोगों को धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हनुमना.** हनुमना तहसील क्षेत्र के शाहपुर थाना पुलिस ने ग्राम दुबिया (चौहाना) में आयोजित मेले के दौरान तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे की तलवार भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 4 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चौहाना-दुबिया गेट के पास एनएच-135 हाईवे रोड पर एक व्यक्ति हाथ में लोहे की धारदार तलवार लेकर मेले में आने-जाने वाले लोगों को डराकर भयभीत कर रहा है। सूचना मिलते ही चौकी खटखरी एवं थाना शाहपुर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए आरोपी अरिदमन शुक्ला उर्फ हरिदमन शुक्ला उर्फ दद्दू शुक्ला, पिता आनंद शुक्ला, उम्र 27 वर्ष, निवासी बरांव शुक्लान, थाना शाहपुर, जिला मऊगंज को गिरफ्तार कर लिया।

### रेस्टोरेंट व ठेलों पर सिलेंडरों का इस्तेमाल

**हनुमना.** मऊगंज जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर आम उपभोक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता सुबह से ही एजेंसी के चक्कर काटते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के कई होटल, रेस्टोरेंट, चाट-चाउमीन और अन्य खाद्य पदार्थों के ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाले सिलेंडरों का व्यावसायिक गतिविधियों में खुलेआम उपयोग किया जा रहा है।इतना ही नहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग दूसरे उपभोक्ताओं की कॉपियां लेकर भी गैस एजेंसी पहुंचते हैं, जिससे वास्तविक उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में परेशानी होती है।

## चार साल से फरार शराब तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### सतना का रहने वाला है आरोपी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 सितम्बर. रीवा जिले की बैकुंठपुर थाना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है।**

पुलिस ने पिछले चार वर्षों से फरार चल रहे एक शातिर शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुंजबिहारी माझी के रूप में हुई है, जो हिनौती थाना कोलगवां, जिला सतना का निवासी है। बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई चार साल पुराने एक मामले में की गई है।

ॉआरोपी कुंजबिहारी माझी मनगवां की ओर से एक बोलेरो वाहन में शराब की बड़ी खेप लेकर बैकुंठपुर की तरफ आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तस्कर को पकड़ने के लिए घेराबंदी की थी। थाना प्रभारी के मुताबिक, पुलिस की घेराबंदी देखकर आरोपी घबरा गया और अपनी बोलेरो गाड़ी व शराब की खेप को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो उसमें से सात पेटी अवैध शराब जब्त की गई थी। इस घटना के बाद से ही आरोपी पिछले चार साल से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था और फरार चल रहा था।

लगातार तलाश में जुटी बैकुंठपुर पुलिस ने आखिरकार मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी कुंजबिहारी माझी को दबोच लिया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह इतने समय से कहाँ छिपा हुआ था और इस अवैध कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## गैस सिलेंडर लीकेज से मकान में लगी आग

### गुप्ता परिवार की गृहस्थी जलकर खाक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 सितम्बर. मऊगंज में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहाँ गैस सिलेंडर में लीकेज होने की वजह से एक किराए के मकान में भीषण आग लग गई।**

यह हादसा बाराव रोड स्थित कलेक्ट्रेट के पास, केशव कुंज के सामने घटित हुआ।आग इतनी भयानक थी कि मकान में रह रहे गुप्ता परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। घरेलू सामान के साथ-साथ दो मोबाइल फोन भी इस आग की भेंट चढ़ गए। पीड़ित परिवार को इस घटना



में भारी नुकसान उठाना पड़ा है।घटना के वक्त मकान के भीतर करीब 7 गैस सिलेंडर मौजूद थे, जिससे एक बड़े ब्लास्ट और जानमाल के नुकसान का खतरा मंडरा रहा था। राहत की बात यह रही कि इनमें से दो अन्य सिलेंडर चालू अवस्था में थे, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों और टीम की सूझबूझ से तत्काल बंद कराया। बताया गया है कि घटनास्थल के आसपास कई परिवार रहते हैं और भारी संख्या में दोपहिया वाहन भी खड़े थे, इसलिए समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ी तबाही टल गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मुस्तैदी दिखाते हुए आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिए जाने के कारण इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## जय कन्हैया लाल की,देर रात तक भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

### भजनों से सराबोर रहा शहर

नवभारत न्यूज

**रीवा. 5 सितम्बर. शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों में विशेष सजावट की गई और सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।**

विभिन्न मंदिरों सहित नगर निगम कार्यालय में भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन किए गए। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में आकर्षक झांकियां सजाई गई, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को दर्शाया गया।

शाम होते ही मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से गुलजार हो गए। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय विशेष आरती और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। कई स्थानों पर बच्चों और युवाओं ने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। जन्माष्टमी को लेकर शहर में उत्साह का माहौल रहा। मंदिरों में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए भी व्यवस्थाएं की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग, प्रेम, सद्भाव और धर्म के संदेश को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। शहर में लक्ष्मण बाग संस्थान, कलेक्ट्रेट के पास राधाकृष्ण मंदिर, फोर्ट रोड, नेहरू नगर, जगन्नाथ मंदिर बिछिया, पंचपठ मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर वेंकट रोड सहित कई प्रमुख मंदिरों में उत्सव मनाया गया।

शहर में देर शाम तक सामूहिक रूप से संगठनों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। शोभा यात्राएं निकालीं गई तो झांकियां भी सजाई गई।

वहीं लोगों ने अपने घरों में भी झांकियां सजाकर उत्सव मनाया। इस दौरान छोटे बच्चों को श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाया गया।




## गुरु-शिष्य के रिश्ते का अनूठा सम्मान

### शिक्षकों के साथ पत्रकार भी हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 5 सितम्बर. मऊगंज में शनिवार को शिक्षा, संस्कार, पुरानी यादों और पत्रकारिता का अनूठा संगम देखने को मिला। शासकीय (उत्कृष्ट) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज के एलुमनी मीट एवं शिक्षक सम्मान समारोह में वर्षों बाद पुराने छात्र अपने गुरुजनों से मिले तो कई चेहरे भावुक हो उठे। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों के साथ समाज की आवाज बुलंद करने वाले मऊगंज प्रेस क्लब के पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम शनिवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शगुन पैलेस, बायपास मऊगंज में आयोजित हुआ। समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं, सेवानिवृत्त एवं वर्तमान शिक्षकों, प्राचार्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार डॉ. चंद्रिका प्रसाद चंद्र रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. अमोल 'बटरोही' उपस्थित रहे। डॉ. चंद्रिका प्रसाद चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि मऊगंज के इतिहास में संभवत: यह पहली बार है, जब शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित मंच पर कोई राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि शिक्षक और उनके छात्र मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक समारोह नहीं, बल्कि गुरु और शिष्य के बीच प्रेम, सम्मान और मजबूत रिश्ते का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा, झआज का माहौल देखकर मैं गदगद हूं। छात्र अपने शिक्षकों के प्रति जिस आदर और सम्मान का भाव रखते हैं, वही इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। डॉ. चंद्र ने कहा कि शिक्षक ही वह व्यक्ति होता है, जो इंसान को खोजता है, उसे पहचानता है.

## उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को किया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**रीवा 05 सितम्बर. उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृष्णाराज कपूर आडिटोरियम में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियो और कर्मचारियों को सम्मानित किया।**

निजी संस्था द्वारा आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले लोक सेवकों को सम्मानित करने पर उन्हें अच्छे कार्य करने का प्रोत्साहन मिलता है। प्रशासनिक व्यवस्था में कई अधिकारी और कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने समारोह में महिला एवं बाल विकास विभागए मध्यप्रदेश विद्युत मंडलए स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्राए पूर्व मंत्री श्री जय सिंह मरावीए श्री राजेन्द्र शर्मा तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से घबराएं नहीं, एक घंटे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दी सर्पदंश से बचाव एवं उपचार की सलाह

नवभारत न्यूज

**मऊगंज 05 सितंबर. वर्तमान में बारिश होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है। साँप तथा अन्य जीव.जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है।**

इसलिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं। कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् सुधाकर पाण्डेय ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपोंए करैतए रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं। साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ित की जान आसानी से बचाई जा सकती है। साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं। यह इंजेक्शन रीवा जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है। समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है। पीड़ित को अवसादए उल्टी आनाए लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं। विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ित में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है। इसके बाद साँस रूकने से मौत हो जाती है। विष का सर्वाधिक असर तंत्रिका तंत्र और साँस लेने में होता है। कई बार साँप के काटने के स्थान पर सूजन आ जाती है तथा काटा हुआ स्थान काला पड़ जाता है। साँप काटने के बाद हाथ पैरों में झनझनाहटए चक्कर आनाए पसीना छूटनाए दम घुटना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। सर्पदंश के बाद तत्काल अस्पताल जाकर पीड़ित का उपचार कराएं। झोलाछाप डाक्टरों तथा झाड़फूक करने वालों के चक्कर में पड़कर समय न गवाएं। सर्पदंश से पीड़ित के काटने के स्थान से थोड़ा ऊपर हल्की पट्टी बांधे। काटने के स्थान पर चीरा भी न लगाएं इससे संक्रमण का खतरा रहता है। डॉ शुक्ला ने कहा है कि सर्पदंश तथा अन्य जहरीले कीड़ों के काटने से बचने के लिए कुएंए अंधेरे गड्ढेए झाड़ियों आदि में हाथ न डालें। घर से बाहर निकलते समय जूते अवश्य पहनें। ठंडेए अंधेरे और नम स्थानों में साँप छिपते हैंए ऐसे स्थानों में जाने से बचें। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

## रतनगवां में में गूंजे श्रीकृष्ण के भजन, भक्तिमय हुआ माहौल

### राधाकृष्ण मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज 05 सितम्बर. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर संस्कृति विभाग ने सजाया भक्ति और संस्कृति का रंगमंचए शहडोल की भजन मंडली ने बांधा समां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत रतनगवां स्थित श्री धाकृष्ण मंदिर में आस्थाए उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।**

संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। शहडोल से विशेष रूप से पहुंची भजन मंडली ने




भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से सराबोर मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। जैसे.जैसे भजनों की स्वर लहरियां मंदिर परिसर में गूंजती गईंए वैसे.वैसे श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगते चले गए। पूरा राधाकृष्ण मंदिर परिसर ष्राधे.राधेष् और ष्जय श्रीकृष्णष् के जयघोष से गूंज उठा। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जन्माष्टमी के अवसर पर रतनगवां में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। धार्मिक वातावरण के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पीण्केण् पांडेयए डिप्टी कलेक्टर अजीत मिश्रए जनपद सीईओ परमानंद तिवारीए तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में अधिकारीए ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने भी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सहभागिता की।